छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण

चर्चा में क्यों?

9 जनवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि **छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण** के गठन का काम शीघ्र पूरा करके इसका कामकाज शुरू कर दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकाशवाणी से प्रसारित रेडियो वार्ता लोकवाणी की 25वीं कड़ी में **'युवा सपने और छत्तीसगढ़'** विषय पर प्रदेशवासियों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के **युवा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएँ, प्रशिक्षण, उपकरण तथा अन्य खर्चों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से उपलब्ध कराने की दिशा में** छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया जा रहा है।
- **छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार खेल प्रशिक्षण की समग्र अधोसंरचना का निर्माण** किया गया है, जिसके अंतर्गत 9 अकादमी स्थापित की जा चुकी हैं। फुटबॉल में बालिकाओं के लिये तथा कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स एवं हॉकी में बालक-बालिकाओं, दोनों के लिये इस तरह 9 अकादमियाँ शुरू हो चुकी हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में **'राजीव युवा मितान क्लब'** गठित किया जएगा, ताकि युवा इस क्लब में शामिल होकर रचनात्मक कार्यों में अपना सहयोग कर सकें।
- इसके तहत **प्रदेश के 13 हजार 269 नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में राजीव युवा मितान क्लब** गठित करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। **प्रत्येक क्लब में 15 से 40 वर्ष के बीच की आयु वाले 20 से लेकर 40 तक युवा शामिल** होंगे।
- **'थिंक बी' (टेक्नोलॉजी हब एंड इनोवेशन फॉर नॉलेज बस्तर)** परियोजना के अंतर्गत बस्तर के युवाओं को नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- **'बादल' (बस्तर अकादमी ऑफ डांस, आर्ट, लिटरेचर एंड लैंग्वेज)** संस्था के माध्यम से विभिन्न आदिवासी कलाओं, लोकगीत, नृत्यकला, शिल्पकला, संस्कृति, भाषा, साहित्य, खान-पान, वेशभूषा का संरक्षण तथा विकास किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी जैसी फसलों के लिये कांकेर जिले में तथा विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग हेतु दुर्ग जिले में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। 200 से अधिक विकासखंडों में फूडपार्क की स्थापना हेतु भूमि आवंटन किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-sports-development-authority